नरेश पाल गंगवार, आई.ए.एस.
प्रमुख शासन सचिव

सत्यमेव जयते

स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर

अ.शा.पत्र रामाशिप/फा-CSR/18/ जय/5016
जयपुर, दिनांक 18 जून, 2018

प्रिय पीईईओ/संस्थाप्रधान जी,

शिक्षा सत्र 2018–19 में ग्रीष्मावकाश के बाद सभी विद्यालय दिनांक 19 जून, 2018 को पुनः प्रारम्भ हो रहे हैं। विद्यालय प्रारम्भ होने के पश्चात निम्नलिखित कुछ महत्वपूर्ण कार्य आपके द्वारा सम्पादित किये जाने हैं:–

01. समस्त राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों को **अन्नपूर्णा दूध योजना** के अन्तर्गत सप्ताह में तीन दिवस दूध का वितरण 2 जुलाई, 2018 से प्रारम्भ किया जाना है। अतः इस संबंध में समस्त पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाकर सूचना शाला दर्शन/दर्पण पोर्टल पर अपडेट की जावे।
02. सत्र 2018–19 के लिए नामांकन अभियान के द्वितीय चरण में समस्त अनामांकित बालक–बालिकाओं को विद्यालय में नामांकित करने की कार्यवाही की जावे। इस हेतु जारी विस्तृत दिशा–निर्देशों के अनुसार आपकी ग्राम पंचायत को Drop Out Free (DOF) - **"उजियारी"** ग्राम पंचायत घोषित करने की कार्यवाही की जावे।
03. शाला दर्शन एवं शाला दर्पण पोर्टल पर समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अन्य सूचनाओं को अपटेड किया जाना सुनिश्चित करें।
04. अन्नपूर्णा दूध योजना के 2 जुलाई, 2018 को आयोजित शुभारम्भ कार्यक्रम के अवसर पर समस्त विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक बैठक (PTM) आयोजित की जावें एवं इस हेतु समस्त अभिभावकों को पृथक से निमंत्रण भेजा जावे।
05. प्रत्येक विद्यालय हेतु स्कूल सुरक्षा प्लान (School Safety Plan) का निर्माण किया जावे एवं शाला दर्शन एवं शाला दर्पण पोर्टल पर प्रवष्ठि सुनिश्चित की जावे।
06. आपके अधीन समस्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के लिए एसआईक्यूई (SIQE) कार्यक्रम का प्रभावी ढंग से संचालन किया जावे तथा सत्र 2017–18 एवं 2018–19 में एसआईक्यूई सर्टिफिकेशन हेतु चिन्हित विद्यालयों के सर्टिफिकेशन की कार्यवाही कराई जाकर शाला दर्पण पोर्टल पर फीडिंग की जावे।
07. विद्यालय के प्राथमिक अनुभाग से आंगनबाडियों के समन्वयन हेतु जारी विस्तृत दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जावे ताकि 3–5 वर्ष तक के बालक–बालिकाओं की पूर्व प्राथमिक शिक्षा को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सकें।

मैं आशा करता हूँ कि आप सत्र प्रारम्भ से उपरोक्त बिन्दुओं के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

सद्भावी

(नरेश पाल गंगवार)
18.6.2018

www.rajteachers.com

समस्त पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी

समस्त संस्था प्रधान

कमरा नं. 1212, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर – 302 005
दूरभाष : 0141-2227389 (का.) टेलीफैक्स : 0141-2227570
ई-मेल : pseducation2013@yahoo.com